Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# CGPSC Exam

## Paper-1-2018 Mains

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

## भाग – 1
## सामान्य हिन्दी
**(Max. Marks : 100)**

1. क) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए :- 2
   i) स्वर क्या है ?
   ii) व्यंजन क्या है ?

   ख) निम्नलिखित वर्णों के उच्चारण स्थान बताइये :- 2
   i) 'ट' और 'व'
   ii) 'क' और 'श'

2. क) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- 2
   i) आकाश ii) समुद्र iii) आग iv) पर्वत

   ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- 2
   i) अथ ii) आहूत iii) नैसर्गिक iv) व्यष्टि

3. क) समोच्चारित भिन्नार्थक शब्द से क्या आशय है ? 1

   ख) निम्नलिखित समोच्चारित शब्दों में अर्थ–भेद स्पष्ट कीजिए :- 3
   i) अजर – अजिर ii) तुरंग – तरंग iii) सर – शर

4. क) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए :- 2
   i) राजपुत्र
   ii) कपर्दिका
   iii) त्रिगुण
   iv) गोस्वामी

   ख) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :- 2
   i) अखरोट
   ii) खप्पर
   iii) परख
   iv) अंगरखा



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

5. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखिए :- 4

i) जिसे बुलाया न गया हो

ii) अधिक समय तक जिंदा रहने की इच्छा

iii) किसी प्रश्न का तत्काल उत्तर दे सकने वाली बुद्धि

iv) युद्ध की इच्छा रखने वाला

6. क) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए :- 2

i) लोकेऽस्मिन

ii) नाविक

iii) वागाडम्बर

iv) प्रत्यभिज्ञान

ख) निम्नलिखित शब्दों की सन्धि कीजिए :- 2

i) मातृ + आनंद

ii) दुः + सन्धि

iii) वाक् + मय

iv) वन + ओषधि

7. क) निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह कीजिए :- 2

i) आजीवन ii) जलधारा iii) राधाकृष्ण iv) नीलकण्ठ

ख) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त समास के नाम लिखिए :- 2

i) शोकाकुल

ii) दीर्घायु

iii) चक्रपाणि

iv) नवग्रह

8. क) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द को अलग कीजिए :- 2

i) अत्युक्ति

ii) अन्वेषण

iii) दुर्लभ

iv) निरीक्षक

ख) निम्नलिखित उपसर्गों से दो–दो शब्द बनाइये :- 2

i) अति

ii) उप

iii) परि

iv) सह

9. क) निम्नलिखित प्रश्नों के एक या दो वाक्यों में उत्तर दीजिए :- 2

i) प्रत्यय किसे कहते हैं ?

ii) उपसर्ग और प्रत्यय में अन्तर स्पष्ट कीजिए।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

ख) निम्नलिखित प्रत्ययों से एक शब्द बनाइये :- 2

i) आवट ii) अन

iii) इक iv) अ

ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 2

i) उदंत मार्तण्ड के संपादक का नाम लिखिए।

ii) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने हिंदी की किस प्रसिद्ध पत्रिका का संपादन किया है ?

10. क) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :- 3

i) अनाधिकार ii) कोमलांगिनी

iii) मानवीयकरण iv) लावण्यता

v) ज्योत्सना vi) अतिथी

ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :- 3

i) एक विश्वविद्यालय का कर्मचारी गिरफ्तार हो गया।

ii) भारत सरकार ने स्व. कामराज को 'भारतरत्न' की उपाधि अर्पित की।

iii) यद्यपि वह निर्धन है, किन्तु ईमानदार है।

11. क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- 3

i) बाल बाँका न कर सकना

ii) सिर मुड़ाते ओले पड़ना

iii) सूरज को दीपक दिखाना

ख) निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ स्पष्ट कीजिए :- 3

i) वही मियाँ दरबार में वही चूल्हे के पास

ii) ठंडा करके खाओ

iii) डंडा सब का पीर

12. क) आदिकालीन हिन्दी साहित्य की तीन रचनाओं के नाम उनके लेखकों सहित लिखिए। 3

ख) सगुण भक्ति धारा के तीन प्रमुख कवि और उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए। 3

13. क) निम्नलिखित रचनाएँ छत्तीसगढ़ के किन रचनाकारों की हैं ? 3

i) "छत्तीसगढ़ी भूल – भुलैया"

ii) "हमर कतका सुन्दर गाँव"

iii) "चन्दा अमरित बरसाइस"



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

ख) छत्तीसगढ़ी भाषा के निम्नलिखित साहित्यकारों की **एक-एक** रचना का नाम लिखिए :- 3

i) खूबचंद बघेल

ii) पाण्डेय बंशीधर शर्मा का प्रथम उपन्यास

iii) डॉ. बिहारी लाल साहू के एक कहानी संग्रह का नाम

14. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए और उसका उपयुक्त शीर्षक भी लिखिए । 6 (5 + 1)

साहित्य का आधार जीवन है । इसी नींव पर साहित्य की दीवार खड़ी होती है, उसकी अटारियाँ, मीनार और गुम्बद बनते हैं, लेकिन बुनियादें मिट्टी के नीचे दबी पड़ी हैं । उन्हें देखने को भी जी नहीं चाहेगा । जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए सुबोध है, सुगम है और मर्यादाओं से परिमित है । जीवन, परमात्मा को अपने कार्यों का जवाबदेह है या नहीं, हमें मालूम नहीं, लेकिन साहित्य मनुष्य के सामने जवाबदेह है । इसके लिए कानून है, जिससे इधर-उधर वह नहीं हो सकता । जीवन का उद्देश्य ही आनन्द है । मनुष्य जीवन-पर्यंत आनन्द की ही खोज में रहता है । किसी को वह रत्न द्रव्य में मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में, किसी को लंबे-चौड़े भवन में, किसी को ऐश्वर्य में । लेकिन साहित्य का आनन्द इससे भी ऊँचा है । इससे पवित्र है, उसका आधार सुंदर और सत्य है । वास्तव में सच्चा आनन्द सुंदर और सत्य से मिलता है । उसी आनन्द को दर्शाना, वही आनन्द उत्पन्न करना, साहित्य का उद्देश्य है । ऐश्वर्य या भोग के आनन्द में ग्लानि छिपी होती है । उससे अरुचि भी हो सकती है, पश्चात्ताप भी हो सकता है, पर सुंदर से जो आनन्द प्राप्त होता है, वह अखंड और अमर है ।

15. प्रस्तुत अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 06

सभ्यता और संस्कृति को प्राय: एक ही समझ लिया जाता है, किंतु ऐसी बात नहीं है । सभ्यता वह है जो हमारे पास है और संस्कृति हम स्वयं हैं । मोटर, वायुयान, सड़कें, भोजन, कल-कारखाने और पोशाक सभ्यता के परिचायक हैं, किंतु भोजन करने, पोशाक पहनने, मोटर, मकान बनवाने तथा रहन-सहन में हम जिस रुचि को प्रदर्शित करते हैं, वह संस्कृति है । कई बार किसी सभ्य व्यक्ति को देखकर कह दिया जाता है कि वह बहुत ही सुसंस्कृत है । यह भ्रामक धारणा है, क्योंकि प्रत्येक सभ्य व्यक्ति सुसंस्कृत हो, यह आवश्यक नहीं है । कारण, सभ्यता भौतिक उपादानों के सहारे जीवित रहने वाली वस्तु है, जबकि संस्कृति आंतरिक गुणों का स्वच्छ दर्पण है । अनेक पाश्चात्य देशों में सभ्यता का मान संस्कृति से कहीं अधिक है । वे अपने आप को सभ्य कहलाने में ही गौरव का अनुभव करते हैं, जबकि भारतवर्ष ऋषि-मुनियों का भारत, जीवन में आत्मिक विकास का दावेदार भारत, संस्कृत कहलाने में ही गौरव का अनुभव करता है । यही कारण है कि पाश्चात्य देशों के बहुत से कवि और साहित्यकार एरिस्टोक्रेट अधिक रहे हैं और उन्हें अपनी इज्जत के लिए यह बताना प्रिय है कि हमारा बैंक बैलेंस है, हमारे पास मोटर गाड़ी है । ध्यान रहे 'एरिस्टोक्रेसी' सभ्यता के ज्यादा नजदीक है । इन देशों में संस्कृति के ऊपर सभ्यता हावी है । भारत की स्थिति इसके विपरीत रही है । यहाँ ऋषि-मुनियों को जो प्रतिष्ठा मिली है, वह बहुत से राजाओं को भी नहीं मिली है, किंतु आज भारत भी पाश्चात्य देशों की देखा-देखी, होड़ा-होड़ी उसी प्रक्रिया से गुजरने की टोह में है, जिससे पश्चिमी गुजर चुके हैं ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

प्रश्न :-

i) 'संस्कृति हम स्वयं हैं' से क्या अभिप्राय है ?

ii) सभ्यता के परिचायक कौन-कौन हैं ?

iii) सभ्यता के नजदीक क्या है ?

iv) रेखांकित अंशों की सारगर्भित व्याख्या कीजिए।

16. क) अधिसूचना से क्या आशय है ?

ख) अधिसूचना का एक प्रारूप तैयार कीजिए, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार में कार्यरत एक आई.ए.एस. अधिकारी को भारत सरकार के कृषि मंत्रालय में अवर सचिव के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया हो। 5

(अभ्यर्थियों को पत्रलेखन में अपना नाम, अनुक्रमांक, पता और शहर का नाम आदि लिखना मना है)

17. क) प्रतिवेदन किसे कहते हैं ? इसकी कोई तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 3

ख) महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव का एक प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए। 5

(अभ्यर्थियों को प्रतिवेदन में अपना नाम, अनुक्रमांक, पता और शहर का नाम आदि लिखना मना है)

18. क) निम्नलिखित का हिंदी में अनुवाद कीजिए :- 5

Newspaper reading has become an essential part of our life. As we get up in the morning we wait eagerly for the daily paper. Twentieth century is an age of Newspapers. Press is the third eye of man. Through it we gather information about different countries (parts) of the world. It provides us with the latest news. The Newspapers carry the voice of the people. They are a link between the state and the people. Through the press we can condemn all kinds of evils. Newspapers add to our knowledge. We should cultivate the habit of reading Newspapers.

ख) निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :- 5

i) मैं कार्यालय की टिप्पणी से पूरी तरह सहमत हूँ। आदेश जारी कर दिया जाए।

ii) मामला अभी भी विचाराधीन है।

iii) इस डिब्बे में आपके लिए कोई स्थान नहीं है।

iv) मुझे तुम्हारे आचरण से बहुत निराशा हुई है।

v) आपात्काल के लिए मेरे पास खर्च करने को पर्याप्त धन है।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# PART – 2
# GENERAL ENGLISH
**(Max. Marks : 50)**

1. Do as directed :

   i) Change the following into the Passive Voice : 2

      a) Who drew the picture on the wall ?

      b) Someone is following us.

   ii) Change the following into the Active Voice : 1

      This building was constructed about a hundred years ago.

   iii) Use correct prepositions in the blanks given below : 3

      a) He readily complied _____ my report.

      b) Who's going to look _____ your children while you're at work ?

      c) I prefer this chair _____ the other one.

   iv) Fill in the blanks using suitable conjunctions. 2

      a) I didn't get the job _____ I had the necessary qualifications.

      b) _____ the rain, we enjoyed our holiday.

2. i) Rewrite the following sentences after making necessary corrections : 4

      a) He is generally eating in the college cafeteria.

      b) How long have you been knowing Jane ?

      c) We didn't stopped to rest. We continued walking.

      d) We stayed at the cheaper hotel in town.

   ii) Add to the following sentences suitable adverbs of time : 2

      a) The weather has been fine.

      b) We ate our meals.

3. i) Fill in the blanks using either 'no' or 'not' : 2

      a) We had _____ sooner set out than it started to rain.

      b) _____ even a single person knew the answer.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

ii) Complete the following sentences using appropriate verbs : **2**

a) If I _____ you, I should refuse his excuse.

b) Bread and butter _____ just what we want.

iii) Fill in the blanks changing the nouns given in the brackets into the adjectival form : **2**

a) The government will issue an _____ statement (office).

b) It was a _____ question to answer (difficulty).

4. i) Give one word for each of the following : **3**

a) One who arranges dances, especially ballet.

b) One who devotes his service or wealth for the love of mankind.

c) A doctor who specializes in the diseases of the heart.

ii) Rearrange the following structures to frame meaningful sentences : **3**

a) my lectures this week / I shan't / I'm very busy these days / as / be able to deliver.

b) after / they went / had finished their work / they / home.

c) getting dark, / I put / so / it was / the light on.

5. i) Write synonyms of the following words : **3**

a) forbid

b) scold

c) edible

ii) Write antonyms of the following words : **3**

a) compassionate

b) animate

c) quarrelsome

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

6. i) Write down the meanings of the following idioms and phrases and also use them in sentences of your own : 2

a) for the better

b) between two fires

ii) Use the following phrasal verbs in sentences of your own : 2

a) doze off

b) brush up

iii) Correct the spellings of the following words : 2

a) neblus

b) releget

7. Read the passage given below and answer in your own words the questions that follow : 6

Knowledge has always been the prime mover of prosperity and power. The acquisition of knowledge has therefore been the thrust area throughout the world.

Additionally, in India, there has been a culture of sharing it, not only through the tradition of guru – shishya but also by its spread to neighbouring countries through travellers who came to Nalanda and other universities drawn by their reputation as centres of learning. India is endowed with natural and competitive advantages as also certain distinctive competencies. But these are scattered in isolated pockets and the awareness of these is inadequate. During the last century the world has changed from being an agricultural society in which manual labour was the critical factor, to an industrial society, where the management of technology, capital and labour provide the competitive advantage. In the twenty-first century, a new society is emerging where knowledge is the primary production resource instead of capital and labour. Efficient utilization of this existing knowledge base can create wealth for us in the form of better health, education and other indicators of progress.





Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**Questions :**

i) Why is the acquisition of knowledge so important throughout the world ?

ii) What is the contribution of India in the field of knowledge ?

iii) What significant changes have taken place during the last century ?

iv) What is the hall-mark of the emerging twenty-first century ?

v) What benefits will result from an efficient utilization of our existing knowledge ?

vi) What remedies does the author suggest for meeting the current challenges in the field of education ?

8. Write a precis of the following passage in one-third of its original length and suggest a suitable title to it. **6**

We are not only the slaves of the culture in which we have been brought up; we are also slaves to the vast clouds of misery and sorrow of all humanity, to the vastness of its confusion, violence and brutality. We never seem to pay attention to the accumulated sorrow of man. Nor are we aware of the terrible violence which has been gathering generation after generation. We are concerned rightly with the outward change or reformation of the social structure with its injustice, wars, poverty, but we try to change it either through violence or the slow way of legislation. In the meantime there is poverty, war, hunger and the mischief that exists between man and man. We seem totally to neglect paying attention to these vast accumulated clouds which man has been gathering for centuries upon centuries – sorrow, violence, hatred and the artificial differences of religion and race. These are there, as the outward structure of society is there, as real, as vital, as effective. We neglect these hidden accumulations and concentrate on the outward reformation. This division is perhaps the greatest cause of our decline.

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## भाग – 3

## छत्तीसगढ़ी

**(Max. Marks : 50)**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

अ) निम्नलिखित शब्दों के छत्तीसगढ़ी समानार्थी लिखिए :- 5

i) बरगद ii) नीलकंठ

iii) तरबूज iv) बहू

v) चमगादड़

आ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी शब्दों के हिंदी समानार्थी लिखिए :- 5

i) नवादसी ii) झुनगा

iii) लेवना iv) भिंदोल

v) कुसियार

इ) 'बरा', 'बरी', 'बड़ा' और 'बड़ी' में अंतर को समझाइए। 2

2. अ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए :- 2

i) डोकरा

ii) ठेठवार

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 2

i) 'संगवारी' कौन सा लिंग है ?

ii) 'टूरी मन' कौन सा वचन है ?

इ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों के प्रकार बतलाइए :- 2

i) चुटकी – चुटका

ii) रंधनी – खोली

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10

i) 'तीन घंटा ले पानी बरसत है' वाक्य में कौन सा काल है ?

ii) 'सीता पढ़ेगी' वाक्य का छत्तीसगढ़ी अनुवाद कीजिए।

iii) पूर्वी हिंदी की समर्थ विभाषा छत्तीसगढ़ी की दो भगिनियाँ कौन–कौन सी हैं ?

iv) 'गोठियाना' – शब्द का भाववाचक बनाइए।

v) 'बइहा के का चिन्हारी' वाक्य में सर्वनाम शब्द कौन सा है ?



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

4. निम्नलिखित हिंदी वाक्यों को छत्तीसगढ़ी में लिखिए :- 8

i) हम पहले ही नियंत्रक से रिपोर्ट मँगा चुके हैं ।

ii) मंत्रालय से परामर्श किया जाना चाहिए ।

iii) पावती की अभी तक प्रतीक्षा है ।

iv) इसका उत्तर वापसी डाक से भेजा जा रहा है ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 5

i) 19 से 21 जनवरी 2018 को बेमेतरा में आयोजित छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का षष्ठ प्रांतीय अधिवेशन (सम्मेलन) किस साहित्यकार को समर्पित था ?

ii) छत्तीसगढ़ी की प्रथम महिला उपन्यासकार का नाम बतलाइए ।

iii) छत्तीसगढ़ी लघुकथा संग्रह 'करगा' की लेखिका कौन हैं ?

iv) महाकवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति 'मेघदूत' का छत्तीसगढ़ी काव्यानुवाद किसने किया ?

v) 'शिवायन' काव्य के रचनाकार कौन हैं ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 5

i) 'कहि देबे संदेश' छत्तीसगढ़ी फ़िल्म के गीतकार का नाम बताइए ।

ii) किन्हीं दो छत्तीसगढ़ी-व्याकरणकारों के नाम बतलाइए ।

iii) 'छत्तीसगढ़ी लोकोक्तियों का भाषावैज्ञानिक अध्ययन' के लेखक का नाम बताइए ।

iv) 'बिन भाँड़ी के अँगना' छत्तीसगढ़ी कविता-संग्रह के रचयिता का नाम बताइए ।

v) 'सुरता के चंदन' छत्तीसगढ़ी गीत-संग्रह के रचयिता का नाम बताइए ।

7. समन्वित साहित्यिक रेडियो पत्रिका (छत्तीसगढ़ी) 'मोर भुइयाँ' के बारे में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 2

8. आठवीं अनुसूची में छत्तीसगढ़ी को सम्मिलित कराने से क्या-क्या लाभ होंगे ? 2

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in